# राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ का सफर नामा

युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी को प्रणेता मानकर 02 अक्टूबर 1969 गांधी जंयती के अवसर पर भारत सरकार द्वारा युवाओं को समाज के प्रति संवदेना जागृत करने एवं सेवा कार्य के माध्यम से व्यक्तित्व विकास के लिए यह योजना प्रारंभ की गई । इस योजना का महत्वपूर्ण उद्देश्य युवाओं को ग्रामीण व्यवस्था के प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हो एवं उनमें मानवीय दृष्टिकोण विकास हो।

तत्कालीन मध्यप्रदेश (1969) में डॉ हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में इस योजना का प्रारंभ हुआ। 1969 से 1971 तक यह योजना विश्वविद्यालय इकाई के रूप में संचालित होती रही। 1971–72 से अपने अधिनस्थ महाविद्यालयों में इकाई प्रारंभ करने की अनुमति शासन से प्राप्त हुई । स्थापना वर्ष के प्रथम चरण में रायपुर जिले के 03 महाविद्यालयों में यह योजना प्रारंभ की गई हैं। जिसमें सर्वप्रथम शासकीय विज्ञान महाविद्यालय रायपुर, दुर्गा महाविद्यालय रायपुर एवं शास. डी.बी. महाविद्यालय बालौदाबाजार को अवसर प्राप्त हुआ। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना का सफर धीरे–धीरे सभी संस्थाओं में प्रारंभ हुआ ।

## 1969 से राष्ट्रीय सेवा योजना प्रारंभ

| क्र. | सत्र | संस्थाओं की संख्या | छात्र संख्या आबंटन |
|---|---|---|---|
| 1 | 1969 से 1989 | 23 | 2674 |
| 2 | 1990 से 2000 | 98 | 8250 |
| 3 | 2001 से 2010 | 350 | 27075 |
| 4 | 2011 से 2020 | 375 | 30650 |

वर्तमान में राष्ट्रीय सेवा योजना का कार्यक्षेत्र विश्वविद्यालय से संबंधित 05 जिलों में सफलता पूर्वक संचालित छात्र संख्या 18550 इकाई संख्या 221 राज्य के सबसे बड़े विश्वविद्यालय में संचालित यह योजना सफलता पूर्वक अपने स्वर्ण जंयती वर्ष को पूरा किया हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना को अग्रिम पंक्ति में रखने के लिए कार्यक्रम अधिकारियों, स्वयं सेवकों, जिला संगठकों एवं कार्यक्रम समन्वयकों की महत्वपूर्ण भूमिका के साथ राज्य शासन एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के अधिकारियों का भी महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होता रहा हैं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ का 03 वर्ष का पंजीयन

## सत्र 2017-18

| छात्र संख्या/इकाई | महाविद्यालय | विद्यालय | योग |
|---|---|---|---|
| छात्र संख्या | 6200 | 12300 | 18500 |
| इकाई आंवटन | 67 | 149 | 216 |

### वास्तविक पंजीयन विवरण

| छात्र | सामान्य वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| पुरुष | 4500 | 3060 | 2560 | 3380 | 13500 |
| महिला | 2660 | 1772 | 1052 | 1870 | 7354 |
| योग | **7160** | **4832** | **3612** | **5250** | **20854** |

## सत्र 2018-19

| छात्र संख्या/इकाई | महाविद्यालय | विद्यालय | योग |
|---|---|---|---|
| छात्र संख्या | 6150 | 12350 | 18500 |
| इकाई आंवटन | 66 | 149 | 215 |

### वास्तविक पंजीयन विवरण

| छात्र | सामान्य वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| पुरुष | 5400 | 1950 | 2528 | 3370 | **13248** |
| महिला | 3016 | 910 | 1352 | 2528 | **7806** |
| **योग** | **8416** | **2810** | **3880** | **5898** | **21054** |

## सत्र 2019-20

| छात्र संख्या/इकाई | महाविद्यालय | विद्यालय | योग |
|---|---|---|---|
| छात्र संख्या | 6850 | 11700 | 18550 |
| इकाई आंवटन | 76 | 145 | 221 |

### वास्तविक पंजीयन विवरण

| क्रं. | छात्र | सामान्य वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पुरुष | 5600 | 1751 | 2732 | 3280 | 13248 |
| 2 | महिला | 3800 | 1050 | 1211 | 2528 | 7806 |
| | **योग** | **9400** | **2801** | **3943** | **5808** | **21952** |



सत्यमेव जयते

Goverment Of India

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित

राष्ट्रीय सेवा योजना

National Service Scheme

क्रमांक__________

B

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur (C.G.)

प्रमाण-पत्र / Certificate


प्रमाणित किया जाता है कि This is to Certify that श्री/कुमारी/Shri/Ku. ____________________

आत्मज/आत्मजा/श्री Son/Daughter of Shri ____________________ कक्षा Class__________

महाविद्यालय Institution ____________________ ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक के रूप में सत्र__________ से सत्र __________ तक निर्धारित पाठ्यक्रमानुसार 240 घंटे/'ए' प्रमाण-पत्र धारक होने के कारण सत्र__________ में 120 घंटे का सेवा कार्य पूर्ण किया। मूल्यांकन के पश्चात् इन्हें "बी" प्रमाण- पत्र प्रदान किया जाता है।

has completed 240 hours/from session __________ to__________/120 hours with "A" Certificate in session__________ as NSS Volunteer. "B" Certificate is being given to him after evaluation.

प्राचार्य | कार्यक्रम समन्वयक | क्षेत्रीय निदेशक रा.से.यो. | कुलपति



सत्यमेव जयते

Goverment Of India

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित

राष्ट्रीय सेवा योजना

क्रमांक__________

A

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/कुमारी ____________________

आत्मज/आत्मजा/श्री ____________________ कक्षा __________

महाविद्यालय ____________________ ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक के रूप में सत्र__________ से सत्र __________ तक निर्धारित पाठ्यक्रमानुसार 240 घंटे का सेवा कार्य पूर्ण किया।

मूल्यांकन के पश्चात् इन्हें "ए" प्रमाण- पत्र प्रदान किया जाता है।

प्राचार्य | कार्यक्रम समन्वयक | क्षेत्रीय निदेशक रा.से.यो. | कुलपति

# राष्ट्रीय सेवा योजना गोद ग्राम

राष्ट्रीय सेवा योजना में गोदग्राम का विशेष महत्व है। इस गतिविधी से स्वयंसेवको को ग्रामीण परिवेश को करीब से जानने का अवसर प्राप्त होता है,शासन के निर्देशानुसार इकाईयों द्वारा गोदग्राम में रासेयों की गतिविधीयों को ज्यादा से ज्यादा संपन्न करने के प्रयास होते है और अच्छे कार्य सपंन्न भी होते है।

विश्वविद्यालय से संबधित इकाईयों द्वारा निम्नानुसार गोद लिये गये ग्राम की संख्या 03 वर्षो की एवं संपादित गतिविधयों की जानकारी :

**सत्र 2017-18**

| क्रं. | जिला | कुल इकाई | गोदग्राम |
|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | **64** | **61** |
| 2. | बलौदाबाजार | **31** | **29** |
| 3. | गरियाबंद | **18** | **16** |
| 4. | धमतरी | **50** | **48** |
| 5. | महासंमुद | **53** | **51** |
| | **कुल योग** | **216** | **205** |

**सत्र 2018-19**

| क्रं. | जिला | कुल इकाई | गोदग्राम |
|---|---|---|---|
| **1.** | रायपुर | 63 | 60 |
| **2.** | बलौदाबाजार | 31 | 28 |
| **3.** | गरियाबंद | 20 | 16 |
| **4.** | धमतरी | 48 | 45 |
| **5.** | महासंमुद | 53 | 51 |
| | **कुल योग** | **215** | **207** |

**सत्र 2019-20**

| क्रं. | जिला | कुल इकाई | गोदग्राम |
|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 63 | 60 |
| 2. | बलौदाबाजार | 31 | 28 |
| 3. | गरियाबंद | 20 | 17 |
| 4. | धमतरी | 51 | 47 |
| 5. | महासंमुद | 54 | 52 |
| | **कुल योग** | **219** | **204** |

# राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर

राष्ट्रीय सेवा योजना में विशेष शिविर का विशेष महत्व है। इस गतिविधी से स्वयंसेवको को ग्रामीण परिवेश को करीब से जानने का अवसर प्राप्त होता है,शासन के निर्देशानुसार इकाईयों द्वारा विशेष शिविर की अवधि में ग्रामवासीयों को शासन की महत्वपूर्ण की जानकारी दी जाती है साथ जागरुकता के कार्यकम किये जाते है। शिविर काल में मुख्य रुप से पशु चिकित्सा शिविर,स्वास्थय एवं नेत्र परीक्षण शिविर,निर्माण कार्य

आदि गतिविधीयॉ मुख्य रुप से संपादित की जाती है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से नशा मुक्ति,बाल विवाह, कन्या भ्रुण हत्या,बालिका शिक्षा आदि कार्यक्रमों के बारे में जागरुक करने का प्रयास किया जाता है।

*विश्वविद्यालय से संबधित इकाईयों द्वारा निम्नानुसार विशेष शिविर संख्या 03 वर्षो की एवं संपादित गतिविधियों की जानकारी :*

**सत्र 2017-18**

| क्रं. | जिला | कुल इकाई | विशेष शिविर |
|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 64 | 50 |
| 2. | बलौदाबाजार | 31 | 25 |
| 3. | गरियाबंद | 18 | 14 |
| 4. | धमतरी | 50 | 47 |
| 5. | महासंमुद | 53 | 49 |
| | **कुल योग** | **216** | **185** |

**सत्र 2018-19**

| क्रं. | जिला | कुल इकाई | विशेष शिविर |
|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 63 | 26 |
| 2. | बलौदाबाजार | 31 | 26 |
| 3. | गरियाबंद | 20 | 15 |
| 4. | धमतरी | 48 | 43 |
| 5. | महासंमुद | 53 | 42 |
| | **कुल योग** | **215** | **152** |

**सत्र 2019-20**

| क्रं. | जिला | कुल इकाई | विशेष शिविर |
|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 63 | 25 |
| 2. | बलौदाबाजार | 31 | 23 |
| 3. | गरियाबंद | 20 | 16 |
| 4. | धमतरी | 51 | 39 |
| 5. | महासंमुद | 54 | 42 |
| | **कुल योग** | **219** | **145** |

# राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर छात्र सहभागिता संख्या

| सत्र् | कुल छात्र संख्या | शिविर सहभागी पुरुष | शिविर सहभागी महिला | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| 2017-18 | 18500 | 4387 | 3947 | **8334** |
| 2018-19 | 18500 | 3950 | 3650 | **7600** |
| 2019-20 | 18550 | 4075 | 3175 | **7250** |











## :: प्रमाण–पत्र ::

प्रमाणित किया जाता है कि **डॉ.नीता बाजपेयी**, इस विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक के रूप में कार्य कर रहे हैं। मेरे ज्ञान के सर्वश्रेष्ठ डॉ. नीता बाजपेयी को किसी अदालत द्वारा दोषी नहीं ठहराया गया है और ना ही उनके खिलाफ कोई मामला/जांच लंबित है।

डॉ.गिरीशकांत पाण्डे
कुलसचिव
पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

# सलाहकार समिति कि बैठक

| सत्र | बैठक दिनांक |
| --- | --- |
| 2017—18 | 06.06.2017 |
| 2018—19 | 23.03.2018 |
| 2019—20 | 07.08.2019 |

# वृक्षारोपण

वृक्षारोपण मानव समाज का सांस्कृतिक दायित्व है, मानव सभ्यता का उदय और आरंभिक आश्रय प्रकृति यानि वनवृक्ष ही रहे है। उसकी सभ्यता संस्कृति के आरंभिक विकास का पहला चरण भी वन वृक्षों की सघन छाया में ही उठाया गया । साहित्य कला का सृजन और विकास ही वनालियों की सघन छाया और प्रकृति की गोद में ही संभव हो सका, यह एक पुरात्व एवं इतिहास सिद्ध बात है आरंभ में मनुष्य वनों में वृक्षों पर या उनसे ढकी कन्दाराओं में रहा करता था।

वैदिक काल से ही एवं प्राचीन ऋषि मुनियों की तपोभूमि एवं गुरूकुल जंगलों में हुआ करते थे। प्रकृति के निर्मल वातावरण में शास्त्र एवं शास्त्र की शिक्षा ग्रहण करते थे। एवं समाजोपयोगी अनेक अनुसंधान में लिप्त रहते थे। मानव समाज जैसे विकसीत एवं आधुनिक होता गया हैं। प्रकृति से दूर होता गया विकास के नाम पर कंक्रीट के जंगल खडे होने लगे कल–कारखानों से मानव जीवन को असहज बना दिया । प्रकृति का विनाश जंगलो का विनाश के कारण आज मानव अस्तिव ही खतरे में नजर आ रहा हैं। पर्यावरण में संतुलन स्थापित करने के लिए पुनः जंगल एवं वृक्षारोपण को महत्वपूर्ण माना जा रहा हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना भी मानव विनाश को रोकने एवं समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में अपने दायित्वों का निर्वहन करते आ रहा हैं।

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर राष्ट्रीय सेवा याजना की संबंधित इकाईयों के द्वारा प्रतिवर्ष ग्रामों में संस्थाओं एवं अन्य स्थानों पर वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा हैं। वरन वृक्षों के सवंर्धन के लिये भी प्रतिबद्ध हैं।

कुल तीन वर्षो में कुल पौधों का रोपण किया गया, जिसमें फलदार, फुलदार,ईमारती जसे वृक्षो का लगाया गया एवं उनका सवंर्धन भी किया जा रहा हैं।



03 वर्षो की जिलेवार वृक्षारोपण की जानकारी निम्नानुसार हैं :

## सत्र 2017-18

| क्र. | जिला | ईमारती | फलदार | फूलदार | अन्य | कुलयोग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 1677 | 1624 | 933 | 4568 | 8802 |
| 2. | बलौदाबाजार | 1157 | 1083 | 827 | 2491 | 5558 |
| 3. | गरियाबंद | 919 | 786 | 829 | 2775 | 5309 |
| 4. | धमतरी | 1556 | 1596 | 905 | 3389 | 7446 |
| 5. | महासंमुद | 1578 | 1438 | 970 | 3874 | 7860 |
| | **कुल योग** | 6887 | 6527 | 4464 | 17099 | **34975** |
| | | | | | | |

## सत्र 2018-19

| क्र. | जिला | ईमारती | फलदार | फूलदार | अन्य | कुलयोग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 1798 | 1748 | 1338 | 3849 | 8733 |
| .2. | बलौदाबाजार | 1147 | 1039 | 1268 | 2191 | 5645 |
| 3. | गरियाबंद | 998 | 1229 | 1277 | 1873 | 5377 |
| 4. | धमतरी | 1663 | 1524 | 1596 | 2776 | 7559 |
| 5. | महासंमुद | 1912 | 1786 | 1673 | 2591 | 7962 |
| | **कुल योग** | 7518 | 7326 | 7152 | 13280 | **35276** |

## सत्र 2019-20

| क्र. | जिला | ईमारती | फलदार | फूलदार | अन्य | कुलयोग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 1650 | 1546 | 1398 | 2792 | 7386 |
| .2. | बलौदाबाजार | 1307 | 887 | 1043 | 3134 | 6371 |
| 3. | गरियाबंद | 1468 | 1139 | 1098 | 2129 | 5834 |
| 4. | धमतरी | 1319 | 1124 | 1454 | 3237 | 7134 |
| 5. | महासंमुद | 1582 | 1636 | 1663 | 2736 | 7617 |
| | **कुल योग** | 7326 | 6332 | 6656 | 14028 | **34342** |

# रक्तदान शिविर

रक्त मानव जीवन के लिए अति महत्वपूर्ण हैं। इसलिए  कहा जाता हैं कि,''रक्तदान महादान''सभ्यता के विकास की दौड़ में मनुष्य भले ही कितना आग निकल जाये पर जरुरत पड़ने पर आज भी एक मनुष्य दुसरे को अपना रक्त देने में हिचकता हैं। रक्तदान के प्रति जागरूकता लाने में तमाम कोशिशों के बावजूद भी मनुष्य को खुन खरीदना पड़ता हैं। इससे बड़ी विडम्बना और क्या हो सकती हैं, कि कई दुर्घटनाओं में रक्त की समय पर आपूर्ति न होने के कारण लोग असमय मौत के मुॅह में चले जाते हैं।

रक्तदान के प्रति जागरूकता लाने के कई प्रयास किये गये पर वैसी सफलता प्राप्त नही हो पाई जैसी की अपेक्षा थी । विश्व स्वास्थय संगठन द्वारा हर साल 14 जून को रक्तदान दिवस का आयोजन किया जाता हैं। विश्व के प्रमुख 124 देश अपने यह स्वैच्छिक रक्तदान को ही बढ़ावा देते हैं। मकसद यह था कि रक्त की जरूरत पड़ने पर उसके लिए पैसे देने की जरूरत न पड़े। पर अब तक 49 देशों ने ही इस पर अमल किया हैं। तंजानिया जैसे देश में 80 प्रतिशत रक्तदाता पैस नही लेते हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना भी इस पुनीत कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा हैं। विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा रक्त का महत्व समझ हुये समय समय पर रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। एवं इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया जाता हैं। जरुरत पडने पर स्वयंसेवक स्वंय स्वैच्छा से रक्तदान करते है।

***विगत तीन वर्षो में विश्वविद्यालय से संबधित इकाईयों रक्तदान किया गया-***

## रक्तदान शिविर

| क्रं. | जिला | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 637 | 634 | 617 | 1888 |
| 2. | बलौदाबाजार | 390 | 424 | 456 | 1270 |
| 3. | गरियाबंद | 412 | 408 | 467 | 1287 |
| 4. | धमतरी | 564 | 538 | 584 | 1686 |
| 5. | महासंमुद | 488 | 591 | 496 | 1575 |
| | **कुल योग** | **2491** | **2595** | **2620** | **7706** |



रजि.: 5084 , स्थापित – 1998

रक्तदान | महादान

थैलेसीमिया सोसायटी रायपुर (छ.ग.)

कन्हैया क्लॉथ हाऊस के पास, लाखेनगर, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771–2539389

थैलेसीमिया सोसायटी

प्रशस्ति-पत्र

सेवा में, NATIONAL SERVICE SCHEME (NSS)
Pt. RAVISHANKAR SHUKLA UNIVERSITY, RAIPUR

मान्यवर,

आपके द्वारा दी गई उत्कृष्ट सेवायें, वर्ष ............2018............ में हमें प्राप्त हुई। आपके द्वारा किये गये पुण्य कार्य की हम सराहना करते हैं एवं ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि आपका जीवन सदैव मंगलमय हो।

थैलेसीमिया सोसायटी, रायपुर आपके उत्कृष्ट सेवायें प्रदान करने हेतु सदैव आभारी रहेगी एवं उम्मीद करेगी कि भविष्य में भी आप सेवायें देते रहेंगे।

धन्यवाद

आपके आभारी
सचिव

कुंडली के साथ–साथ करें शादी से पहले रक्त मिलान।
थैलेसीमिया रक्त जाँच (*HB A2/HPLC*) कराकर समाज, वंश एवं देश को थैलेसीमिया से मुक्त करायें।



Red Cross Blood Bank

Pt.J.N.M.Medical College Premises, Near Auditorium, Jail Road, Raipur (C.G.)

Certificate of Appreciation

This Certificate is Awarded to

SETH PHOOL CHAND AGRAWAL SMRITI COLLEGE

In Appreciation Successful Voluntary Blood Donation Camp

Held On 19.01.2018 ...... Where ......36 UNITS......

Blood Donation Were Made for Sake of Humanity.

Donate Blood
SAVE LIVES

# स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर

रासेयो. के इकाईयों में नियमित गतिविधी एवं विशेष शिविर के दौरान स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण के शिविर आयोजित किये जाते हैं। ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करना,स्वस्थ समाज के लिये स्वस्थ लोगों का रहना आवश्यक है, इसी उद्धेश्य की पूर्ति के लिये रासेयो. के स्वयं सेवकों द्वारा स्वास्थ्य शिविरों एवं नेत्र परीक्षण शिविरों का आयोजन लगातार किया जाता हैं।

## स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

| कं. | जिला | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 70 | 73 | 51 | **194** |
| 2. | बलौदाबाजार | 41 | 40 | 31 | **112** |
| 3. | गरियाबंद | 30 | 31 | 33 | **94** |
| 4. | धमतरी | 64 | 67 | 34 | **165** |
| 5. | महासंमुद | 65 | 69 | 37 | **171** |
| | **कुल योग** | **270** | **280** | **186** | **736** |

## नेत्र परीक्षण शिविर

| कं. | जिला | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 110 | 104 | 97 | **311** |
| 2. | बलौदाबाजार | 65 | 54 | 61 | **180** |
| 3. | गरियाबंद | 79 | 83 | 82 | **244** |
| 4. | धमतरी | 89 | 85 | 87 | **261** |
| 5. | महासंमुद | 83 | 77 | 69 | **229** |
| | **कुल योग** | **426** | **403** | **396** | **1225** |



# कार्यालय
# ग्राम पंचायत, डोंगीतराई

वि.खं.–अभनपुर, जिला–रायपुर (छ.ग.)

---

दिनांक : 7/12/2017.

## प्रशस्ति पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि डॉ. राजेन्द्र कुमार रजक, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय, नवापारा (राजिम) तथा उनके स्वयं सेवकों ने दिनांक 28 नवम्बर से 05 दिसम्बर 2017 तक 7 दिवसीय विशेष शिविर के माध्यम से स्वच्छता अभियान, नशा उन्मूलन, डिजीटल इंडिया, नेत्र शिविर, पशु चिकित्सा शिविर, स्वास्थ्य शिविर, विधिक साक्षर शिविर तथा अनेक विषय विशेषज्ञों के माध्यम से ग्रामीणों में जनजागरुकता अभियान चलाकर जागरुक करने का प्रयास किया।

अतः यह प्रशस्ति पत्र इनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ प्रदत्त किया जा रहा है।

चित्तलाल साहू
सरपंच
ग्राम पंचायत डोंगीतराई
ग्राम पंचायत डोंगीतराई
जनपद पंचायत अभनपुर

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र

गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.)

## प्रशस्ति–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री राजेन्द्र कुमार रजक, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी, सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय, गोबरा नवापारा, जिला–रायपुर (छ.ग.) ने अपने 50 स्वयं सेवकों सहित दिनांक 11.09.2016 से दिनांक 20.09.2016 तक नगर के 22 वार्डों में सघन कुष्ठ रोग निदान एवं उपचार अभियान स्वास्थ्य विभाग के इस योजना को जन–जन तक प्रतिदिन 4 घंटे कुल 40 घंटे श्रमदान किये। समय–समय पर इस इकाई के द्वारा नगर में विभिन्न जनजागरुकता, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषयों के लेकर कई शिविर आयोजित करते हैं।

नगर की इस इकाई को उनके उल्लेखनीय कार्य हेतु सम्मान स्वरुप यह प्रशस्ति पत्र उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ प्रदान किया जाता है।

2/3/2017

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी

# एड्स जागरूकता अभियान

‘एड्स’ एक जानलेवा बीमारी है जो धीरे–धीरे समूचे विश्व को अपनी गिरफ्त में लेती जा रही है । दुनियाभर के चिकित्सक व वैज्ञानिक वर्षों से इसकी रोकथाम के लिए औषधि की खोज में लगे हैं परंतु अभी तक उन्हें सफलता नहीं मिल सकी है। पूरे विश्व में ‘एड्स’ को लेकर तरह–तरह की चर्चाएँ हैं । सभी बेसब्री से उस दिन की प्रतीक्षा कर रहे हैं जब वैज्ञानिक इसकी औषधि की खोज में सफल हो सकेंगे। एड्स का पूरा नाम ‘ऐक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिन्ड्रोम’ है

वैज्ञानिक सन् 1977 ई० में ही इसके प्रति सचेत हो गए थे जब विश्व भर के 200 से भी अधिक वैज्ञानिकों का एक सम्मेलन अमेरिका में हुआ था। परंतु वास्तविक रूप में इसे मान्यता सन् 1988 में मिली। तभी से 1 दिसंबर को हम ‘एड्स विरोधी दिवस’ के रूप में जानते हैं ।

एड्स प्रमुखतरू निम्नलिखित कारणों से फैलता है:

1. किसी स्त्री या पुरुष द्वारा एच० आई० वी० संक्रमित स्त्री या पुरुष के साथ संभोग से ।

2. दूषित सुई के प्रयोग से ।

3. दूषित रक्त संचरण से ।

4. एच० आई० वी० संक्रमित महिला के गर्भ से।

उपरोक्त कारणों के अतिरिक्त किसी भी अन्य कारण से एड्स नहीं फैलता है । जो व्यक्ति एड्स से पीड़ित हो गए हैं उनके अंदर धीरे–धीरे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता समाप्त होती चली जाती है । एड्स हाथ मिलाने अथवा छूने से नहीं फैलता है । एड्स से ग्रसित लोग हमारी तरह सामान्य जीवन व्यतीत कर सकते हैं अतएव हमें उनके प्रति सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करना चाहिए ।

भारत में भी यह रोग अपने पैर जमा चुका है । हम सब की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि हम पूरी सावधानी बरतें तथा इसके प्रति सभी को जागरूक बनाने का प्रयास करें। भारत सरकार भी इसे काफी प्रमुखता दे रही है ।

दूरदर्शन, समाचार–पत्रों तथा अन्य संचार माध्यमों के द्वारा एक साथ अभियान छेड़ा गया है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसके बारे में सही जानकारी प्राप्त कर सकें । जगह–जगह एड्स सलाहकार केंद्र स्थापित किए गए हैं जहाँ से लोग अपने प्रश्नों का उत्तर प्राप्त कर सकते हैं।

अस्पतालों में केवल ‘डिस्पोजेबल’ सुई का प्रयोग किया जा रहा है । एड्स का फैलाव चूँकि मुख्य रूप से महानगरीय संस्कृति के कारण अधिक हो रहा है, अतरू महानगरों में स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा और अधिक प्रयासों की आवश्यकता है । देह–व्यापार के केंद्रों पर जाकर काम करना, वहाँ चेतना फैलाना हमारे समाज के उत्थान के लिए तथा इस रोग से बचाव के लिए अपरिहार्य बन गया है।

***विश्वविद्यालय द्वारा विगत तीन वर्षो में किये गये कार्य की समेकित जानकारी निम्न हैं :-***

## एड्स जागरूकता रैली

| क्र. | जिला | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 45 | 38 | 29 | 112 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2. | बलौदाबाजार | 24 | 21 | 19 | 64 |
| 3. | गरियाबंद | 12 | 10 | 08 | 30 |
| 4. | धमतरी | 42 | 39 | 35 | 116 |
| 5. | महासमुंद | 44 | 42 | 38 | 124 |
| | **कुल योग** | **167** | **150** | **129** | **446** |

**03 वर्षो में रासेयो. द्वारा 446 एडस जागरुकता रैली की जिसमें रासेयो. के 11852 छात्रों की सहभागिता रही,एवं छात्रों की रैली ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जागरुकता के कार्यक्रम कियें।**



# नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम

नशा मुक्ति जागरुकता अभियान में रासेयो के स्वयं सेवक एवं कार्यकम अधिकारीयों द्वारा समाज को जागरुक करने के लिये ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रां में कार्यकम आयोजित कियें जातें है। कार्यकमों नुक्कड नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता, व्याख्यान माला, रैली आदि के माध्यम से जागरुकता के कार्यकम किये जाते हैं।

**विश्वविद्यालय द्वारा विगत तीन वर्षो में किये गये कार्य की समेकित जानकारी निम्न हैंः–**

**नशा मुक्ति जागरुकता कार्यकम/रैली**

| क्रं. | जिला | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 55 | 52 | 46 | **153** |
| 2. | बलौदाबाजार | 29 | 24 | 20 | **73** |
| 3. | गरियाबंद | 12 | 14 | 13 | **39** |
| 4. | धमतरी | 43 | 42 | 35 | **120** |
| 5. | महासंमुद | 46 | 44 | 40 | **130** |
| | **कुल योग** | **185** | **176** | **154** | **515** |






# कार्यालय
# ग्राम पंचायत, पारागाँव
वि.खं.–अभनपुर, जिला–रायपुर (छ.ग.)

दिनांक : 26/6/2018

## प्रशस्ति पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि डॉ. राजेन्द्र कुमार रजक, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय, नवापारा (राजिम) तथा उनके स्वयं सेवकों ने हमारे ग्राम को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के माध्यम से गोद लिया है। समय–समय पर वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर, जनजागरुकता अभियान, नशा उन्मूलन मतदाता जागरुकता अभियान, रक्तदान अभियान, जन–धन योजना, डिजीटल इंडिया व अन्य जागरुकता अभियान चलाते रहते हैं। इससे ग्रामजन लाभान्वित होते हैं।

अतः यह प्रशस्ति पत्र इनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ प्रदत्त किया जा रहा है।

ममता देवांगन
ममता देवांगन
सरपंच
ग्राम पारागांव
वि.ख. अभनपुर
जिला रायपुर (छ.ग.)
ग्राम पंचायत पारागाँव

# पर्यावरण जागरूकता अभियान

पिछले दो दशको में पर्यावरण ने नीति निमार्ताओ वैज्ञानिको और विश्व के अनेक देशो में आम आदमी का ध्यान आकर्षित किया है। वे अकाल, सूखा, इंधन की कमी, जलाने की लकड़ी और चारा, वायु और जल प्रदूषण, रासायनिको और विकिरणो की भवायह समस्या, प्राकृतिक संसाधनो, वन्य जीवन का लुप्त होना एवं वनस्पति तथा जीव जंतुओं को खतरे जैसे मुददो के प्रति अधिक सतर्क होते जा रहे है। लोग आज वायु, जल, मृदा और पौधों जैसे प्राकृतिक पर्यावरणीय ससाधनो की रक्षा करने की आवश्यक्ता के प्रति सजग है तथा यह प्राकृतिक सम्पदा है जिस पर मनुष्य निर्भर करता है।

पर्यावरणीय मुददे महत्वपूर्ण है क्योंकि उनके समाधान के बिना स्थिति बहुत भयावह होगी। यदि पर्यावरणीय समस्याओ को हल नहीं किया गया तो यह पृथ्वी भावी पीढ़ी के रहने योग्य नहीं रहगी। आज लोगो की और इस ग्रह की आवश्यक्ता एकाकार हो गई है। इस सच्चाई से इन्कार नही किया जा सकता कि भविष्य को संभव बनाने के लिए पर्यावरण की रक्षा एवं बचाव अनिवार्य है। वास्तव में मनुष्य की आवश्यक्ताएं बढ़ गई है और उनके अनुरूप पर्यावरण में परिवर्तन किए जा रहे है। यद्यपि पक्रृति में सहन करने की अपार क्षमता है और यह स्वयं को पुनर्जीवित कर लेती है। परंतु फिर भी इसकी एक सीमा है विशेष रूप से जब बढ़ती जनसंख्या और प्रौद्योगिकी का दबाव निरंतर बढ़ रहा है। आज अक्षय विकास तथा परिवर्तनशील पर्यावरण के सुधार एवं संरक्षण की आवश्यकता है।
पर्यावरण जागरूकता हेतु विश्वविद्यालय के विभिन्न जिलों के रासेयो इकाई द्वारा विभन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाये गये

| क्र. | जिला | 2017–18 | 2018–19 | 2019–20 | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 48 | 45 | 43 | 136 |
| 2. | बलौदाबाजार | 41 | 38 | 37 | 116 |
| 3. | गरियाबंद | 39 | 38 | 36 | 113 |
| 4. | धमतरी | 43 | 39 | 37 | 119 |
| 5. | महासंमुद | 39 | 40 | 35 | 114 |
| | कुल योग | 210 | 200 | 188 | 598 |

# कार्यालय माँ चण्डी मंदिर ट्रस्ट समिति, ग्राम बिरकोनी महासमुंद (छ.ग.)

## प्रशस्ति पत्र

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद की राष्ट्रीय सेवा योजना पुरूष एवं महिला इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम बिरकोनी के माँ चण्डी मंदिर परिसर में दिनांक 07 दिसम्बर से 13 दिसम्बर 2019 तक कार्यक्रम अधिकारी श्री अजय कुमार राजा व श्रीमती राजेश्वरी सोनी के मार्गदर्शन में लगाया गया, जिसमें 115 छात्र–छात्राएँ शिविरार्थी के रूप में शिविर में सम्मिलित हुए। छात्र–छात्राओं ने कार्यक्रम अधिकारियों के मार्गदर्शन में शिविर स्थल पर **नरवा, गरवा, घुरवा और बारी** मॉडल का निर्माण किया। शिविर अवधि के दौरान स्वास्थ्य परीक्षण, रक्त परीक्षण, सिकल सेल परीक्षण, पशु टीकाकरण व बधियाकरण, मतदान जागरूकता रैली, स्वच्छता जागरूकता रैली, नशा मुक्ति रैली, विधिक साक्षरता, कुपोषण व महिला सशक्तिकरण जागरूकता कार्यक्रम व प्रतिदिन रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर ग्राम वासियों को संदेश दिया।

शिविरार्थियों के द्वारा प्रतिदिन मंदिर परिसर में, भण्डार कक्ष में, सांस्कृतिक भवन व सतसंग भवन में साफ–सफाई की गई व मंदिर प्रांगण में लगे नल कूपो के ईधर–उधर बहते पानी के रोकथाम व संरक्षण के लिए श्रमदान कर मंदिर परिसर में **07 सोख्ता गढ़डा एवं 04 नालियों का निर्माण** किया गया, जो कि प्रतिदिन मंदिर में आने वाले सैकड़ो दर्शनार्थियों के लिए लाभदायक होगा।

समस्त ग्रामीणों व माँ चण्डी मंदिर ट्रस्ट समिति के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों की ओर से हम शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद के कार्यक्रम अधिकारियों एवं समस्त शिविरार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें शुभ संदेश ज्ञापित करते है।

रूप सिंह दिवान (signature)
**सरपंच**
**ग्राम बिरकोनी, महासमुन्द**

Dineshwar ch. (signature)
**अध्यक्ष**
**माँ चण्डी मंदिर ट्रस्ट समिति**
**ग्राम बिरकोनी, महासमुंद**

# फिट इंडिया एवं पोषण आहार जागरुकता कार्यक्रम

भारत के माननीय प्रधान मंत्री ने फिजिकल फिटनेस को जीवन का एक तरीका बनाने के उद्देश्य से 29 अगस्त 2019 को **FIT INDIA MOVEMENT** का शुभारंभ किया। FIT INDIA MOVEMENT का उद्देश्य व्यवहार परिवर्तन है – गतिहीन जीवन शैली से लेकर दिन–प्रतिदिन के जीवन के सक्रिय तरीके तक। फिट इंडिया तभी सफल होगा जब यह लोगों का आंदोलन बनेगा। हमें एक उत्प्रेरक की भूमिका निभानी होगी। फिट इंडिया मूवमेंट भारत के माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा प्रांरभ की गयी एक पहल हैं जिसके अतंगर्त लोगो को अधिक से अधिक शारीरिक कार्य करने के लिये प्रोत्साहित किया गया है ताकि वे अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सके और एक स्वस्थ देश का निर्माण कर सकें। माननीय प्रधानमंत्री जी के विचार को रासेयो के स्वयंसेवको द्वारा जनजागरुकता के कार्यकम चलाकर अधिक से अधिक लोगों को जागरुक किया गया। विश्वविद्यालय की रासेयो. इकाईयों द्वारा 198 कार्यकम आयोजित किये गयें।

| कार्यक्रम | 2017–18 | 2018–19 | 2019–20 | योग |
|---|---|---|---|---|
| फिट इंड़िया | – | – | 198 | 198 |
| पोषण आहार | – | – | 168 | 168 |
| | | | **366** | **366** |

शरीर के लिये आवश्यक संतुलित आहार लम्बे समय तक नही मिलना ही कुपोषण हैं। कुपोषण के कारण बच्चों और महिलाओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती हैं,जिससे वे आसानी से कई तरह की बीमारियों के शिकार बन जाते हैं। अतः कुपोषण की जानकारियॉ होना अत्यन्त आवश्यक है। कुपोषण प्रायः प्र्याप्त सतुंलित आहाार के आभाव में होता है। भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा माह सिंतबर को पोषण आहार माह मनाने का निदेश दिया है। रासेयो इकाईयों द्वारा 168 पोषण आहार के विभिन्न कार्यकमों का आयोजन किया गया।





# जल संवर्धन एवं जल शक्ति कार्यक्रम

| कार्यक्रम | 2017–18 | 2018–19 | 2019–20 | योग |
|---|---|---|---|---|
| जल संवर्धन | 20 | 68 | 190 | **278** |

वर्तमान में पर्यावरण के असंतुलन के कारण पृथ्वी के बढते तापमान के कारण दिनो दिन जल का स्तर गिरता जा रहा है। 12 दिसंबर 2000 को इस तरह परियोजना बनाई गयी की कम से कम मिटटी कार्य से ज्यादा से ज्यादा जल संग्रह हो सकें, जल संवधर्न परियोजना में बारिश के जल को धरती के अंदर सुरक्षित स्टोर करके रखा जाता हैं जिसे रेन हार्वेस्टिंग का नाम दिया गया। जल के बिना कुछ नही हो सकता। यह समस्या सिर्फ भारत की नही वरन् पूरे विश्व की हैं। भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार जल संवधर्न के लिये रासेयो. की इकाईयों द्वारा जन जागरुकता के अनेक कार्य किये। विगत 03 वर्षो में 278 विभिन्न कार्यक्रम जिसमें रैली, व्याख्यान,माडल आदि रासेयो. की इकाईयों द्वारा आयोजित किये गयें।





# साक्षरता जागरुक कार्यक्रम

| क्र. | जिला | 2017–18 | 2018–19 | 2019–20 | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 42 | 38 | 33 | 113 |
| 2. | बलौदाबाजार | 27 | 31 | 25 | 83 |
| 3. | गरियाबंद | 26 | 30 | 27 | 83 |
| 4. | धमतरी | 38 | 36 | 34 | 108 |
| 5. | महासमुंद | 36 | 32 | 34 | 102 |
| | कुल योग | 169 | 167 | 153 | 489 |

# सफलता की कहानी
# ''टीच वन इच वन प्रोग्राम''

## कार्यक्रम का उद्देश्य

यह 25 अगस्त, 2017 को जब एम्स रायपुर में एनएसएस यूनिट ने डॉ. नीता बाजपेयी (कार्यक्रम समन्वयक, एनएसएस पं.रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर) एवं डॉ.मृत्युंजय राठौर (कार्यक्रम अधिकारी, एनएसएस यूनिट एम्स रायपुर) के मार्गदर्शन में अपना टीच वन इच वन प्रोग्राम शुरू किया। यह कार्यक्रम निर्माण श्रमिकों के शिक्षण वार्डों के उद्देश्य से शुरू हुआ जो 5–15 वर्ष की आयु के थे। न केवल बच्चों को पढ़ाने का लक्ष्य था, बल्कि उन वयस्कों को भी शिक्षित किया गया था, जिनकी दिन–प्रतिदिन की गतिविधियाँ अशिक्षा के कारण बाधित थीं।

**निर्माण श्रमिकों का निवास...यह उन खराब स्थितियों को दिखाता है जिसमें वे रहते हैं।** कार्यक्रम को शुरू करना बहुत मुश्किल था क्योंकि श्रमिकों की मानसिकता बिल्कुल अलग थी। उन्होंने सोचा कि यदि उनके वार्डों ने उनके दैनिक कामों में उनकी मदद की, तो वे अधिक पैसा कमा सकते हैं। साथ ही,लड़कियों को शिक्षित करना अधिक कठिन था क्योंकि उनके माता–पिता ने उन्हें अपने छोटे भाई–बहनों और घर के कामों की देखभाल करने की जिम्मेदारी दी थी। कई ऐसे थे जो स्कूल छोड़ने वाले थे इनमें से कई एक बार फिर स्कूल जाना चाहते थे, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर थे और उन्हें समर्थन की जरूरत थी।

यह सब तब शुरू हुआ जब सौरभ स्वरूप वर्मा (एनएसएस वालंटियर और उनकी टीम) ने इस कार्यक्रम की जिम्मेदारी ली और कई छात्रों ने इन बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी भी निभाई। इन बच्चों का सर्वेक्षण किया गया, उनकी सही संख्या ज्ञात की गई और उन्हें उम्र, लिंग के आधार पर वर्गीकृत किया गया और क्या वे स्कूल छोड़ने वाले थे या वे कभी स्कूल नहीं

गए। यह विनित कुमार मौर्य और सौरभ ने किया था। पुस्तकें, स्टेशनरी और स्कूल यूनिफॉर्म की खरीद के लिए डेटा एकत्र किया गया था। 15 लड़के और 23 लड़कियां थीं।

कक्षाएं साप्ताहिक आधार पर शुरू की गई थीं और सभी विषयों को व्यवहार कौशल और स्वच्छता सहित सिखाया गया था (सर्वश्रेष्ठ एक हाथ धोने के चरण थे)। शिक्षण में सक्रिय रूप से शामिल छात्र अक्षय बालगोपाल,सविता अभिराम,स्वाथी चंद्रन,अंजू कृष्णा, सौरभ स्वरूप, विनीत मौर्य, आयुषी गोयल, अक्ष विजय, लीला सुसान और प्रगति प्रभाकर थे। इसके बाद छात्रों को सिखाया गया कि 1 से 10 तक गिनती कैसे की जाए और ब्लैकबोर्ड पर समान संख्या में फलों को आकर्षित किया जाए जिससे एक संवादात्मक और एकीकृत सीखने की प्रक्रिया शुरू हो। प्रत्येक बच्चे को गिनती सुनाने को कहा गया ताकि ज्ञान के साथ–साथ आत्मविश्वास भी बढ़े। इसके बाद प्रत्येक छात्र को ब्लैकबोर्ड पर अपना नाम लिखना सिखाया गया, जबकि एनएसएस स्वयंसेवकों ने अपने हाथों के संचलन का मार्गदर्शन किया। कक्षा शुरू हुई और कुछ गेमों के साथ समाप्त हुई, जिससे छात्रों को इंटरैक्टिव और आरामदायक बनाया गया, उनके साथ संबंध स्थापित किया। उन्हें टॉफी, बिस्कुट और फलों के रूप में उपचार दिए गए थे, जो उन्हें कचरे को निपटाने का सही तरीका सिखाते थे। 2–3 स्वयंसेवकों के समूहों ने 1 छात्र को उसकी योग्यता के अनुरूप सिखाने का काम किया। बड़े छात्रों को निर्देश दिया गया था कि कैसे संख्याओं को गिनना और लिखना है, हिंदी में वर्णमाला लिखना, लिखना और ंत स्वार ’लिखना है और अपना नाम भी लिखना है जबकि छोटे लोगों को गिनती और पेंसिल रखने का सही तरीका सिखाया गया है। एक बिदाई उपहार के रूप में, छात्रों को नोटबुक और स्टेशनरी दी गई थी और एक पेंसिल को सही ढंग से रखने के तरीके पर निर्देश दिया गया था। प्रत्येक छात्र को हर एक, एक को पढ़ाना के दृश्य के अनुसार उसकी क्षमता और पूर्व ज्ञान के अनुसार व्यक्तिगत ध्यान प्राप्त करना है। आज वर्तमान में सर्व शिक्षा अभियान के तहत यहां विद्यालय प्रारंभ कर दि गई है। जो रा.से.यो. के लिए बहूत बडी उपल्बधि हैं।





# कार्यालय ग्राम पंचायत किरवई

**जनपद पंचायत फिंगेश्वर, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

| सरपंच | सचिव | उपसरपंच |
|---|---|---|
| श्रीमती रेखा साहू | रोहित साहू | श्री घनश्याम बंजारे |
| मो.नं.9753822105 | | मो.नं.8435715771 |

**पंचगण**

श्री ठाकुर राम साहू
श्री भागवत साहू
श्री घनश्याम बंजारे
श्री डोमन साहू
श्रीमती शांता काटरे
श्रीमती कृष्णी ध्रुव
श्रीमती पुष्पा बाई साहू
श्रीमती सुनैना साहू
श्री हेमलाल तारक
श्रीमती केकती साहू
श्री दिनेश साहू
श्रीमती मधु बाई साहू
श्रीमती मोनिका साहू
श्री दीनदयाल साहू
श्री त्रिलोक साहू
श्रीमती राधा बाई साहू
श्रीमती किसना साहू
श्रीमती तुलसी तारक
श्री विनोद साहू
श्रीमती रचना यादव

क्रमांक:- ग्रा/पं/016      दिनांक:- 21/12/2018

## प्रशस्ति पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि डॉ. राजेन्द्र कुमार रजक, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी, सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय, नवापारा (राजिम) एवं उनके स्वयं सेवकों ने दिनांक ०३ दिसम्बर से १० दिसम्बर २०१८ तक सात दिवसीय विशेष शिविर के माध्यम से स्वच्छता अभियान, नशा उन्मूलन, साक्षरता अभियान, नेत्र शिविर, पशु चिकित्सा शिविर, स्वास्थ्य शिविर, विधिक शिविर, कुड़ादान निर्माण तथा अनेक विषय विशेषज्ञों के माध्यम से ग्रामीणों में जागरुकता अभियान चलाकर जागरुक करने का प्रयास किया।

अतः यह प्रशस्ति पत्र उनके उज्जवल भविष्य के शुभकामनाओं के साथ प्रदान किया जा रहा है।

रेखा साहू
सरपंच
ग्राम पंचायत किरवई
जनपद पंचायत फिंगेश्वर

## मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

रासेयो. की इकाईयों द्वारा शासन के निर्देशानुसार मतदाता जागरुक कार्यक्रम स्वीप कार्यक्रम के अतंगर्त लगभग हर इकाई द्वारा संचालित किया। नागरिको को मतदान करना क्यों आवश्यक है नाटको, गीत संगीत, रैली,रंगोली आदि के माध्यम से जागरुक करनें का प्रयास किया।

विश्वविद्यालय द्वारा विगत तीन वर्षो में किये गये कार्य की समेकित जानकारी निम्न हैं –:

## मतदाता जागरुकता कार्यक्रम/रैली

| क्रं. | जिला | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 58 | 56 | 49 | **163** |
| 2. | बलौदाबाजार | 28 | 26 | 22 | **76** |
| 3. | गरियाबंद | 16 | 12 | 12 | **40** |
| 4. | धमतरी | 45 | 42 | 39 | **126** |
| 5. | महासंमुद | 48 | 47 | 42 | **137** |
| | **कुल योग** | **195** | **183** | **164** | **542** |







***03 वर्षो में रासेयो. द्वारा 542 मतदाता जागरुकता रैली एवं कार्यक्रम की जिसमें रासेयो. के 14980 छात्रों की सहभागिता रही,एवं छात्रों की रैली ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जागरुकता के कार्यक्रम किये।***

## यातायात जागरूकता अभियान

भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय एवं क्षेत्र निदेशालय से यो भोपाल के निर्देशानुसार सुरक्षा के लिए यातायात नियमों के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों यातायात के नियमों की जानकारी देने के लिए नियमित

गतिविधियों एवं विशेष शिविरों के दौरान यातायात पुलिस को आमंत्रित किया गया इस संबंध में राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों के अंतर्गत यातायात नियमों के बारे में जागरूकता एवं प्रचार प्रसार संबंधी कार्य भी किए जा रहे हैं। साथ ही अपने आसपास के लोगों को यातायात हेतु जागरूक करने के लिए हमारे राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों द्वारा शहरों में चौक चौराहों के ट्रैफिक व्यवस्था भी संभाल रहे हैं तथा लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

| क्र. | जिला | 2017—18 | 2018—19 | 2019—20 | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 46 | 43 | 41 | 130 |
| 2. | बलौदाबाजार | 39 | 34 | 32 | 105 |
| 3. | गरियाबंद | 36 | 38 | 35 | 109 |
| 4. | धमतरी | 44 | 38 | 36 | 118 |
| 5. | महासमुंद | 41 | 42 | 33 | 116 |
| | कुल योग | 206 | 195 | 177 | 578 |

# प्लस पोलियो अभियान

**अभियान की शुरुआत**

1978 में वेल्लोर में एक प्रारंभिक प्रयोग से पता चला है कि टीके के अधिक प्रभावी नहीं होने के बावजूद इसने बच्चो की एक बड़ी संख्या को मजबूत प्रतिरक्षा प्रदान की।
इसका प्रमुख कारण यह था कि वैक्सीन पल्सेज ने समुदाय में व्याप्त वन्य पोलियो वायरस को वैक्सीन–वायरस ने प्रतिस्थापित कर दिया।
वेल्लोर, पल्स रणनीति के जरिये पोलियो मुक्त बनने वाला पहला भारतीय शहर था और शेष भारत में इस रणनीति को 1995 में अपनाया गया।
पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान
भारत ने विश्व स्वास्थ्य संगठन वैश्विक पोलियो उन्मूलन प्रयास के परिणामस्वरूप 1995 में पल्स पोलियो टीकाकरण (PPI) कार्यक्रम आरंभ किया।
इस कार्यक्रम के तहत 5 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को पोलियो समाप्त होने तक हर वर्ष दिसम्बर और जनवरी माह में ओरल पोलियो टीके (OPV) की दो खुराकें दी जाती हैं। यह अभियान सफल सिद्ध हुआ है और भारत में पोलियोमाइलिटिस की दर में काफी कमी आई है।
भारत के स्वास्थ्य मंत्रालय, विश्व स्वास्थ्य संगठन,यूनिसेफ और राष्ट्रीय सेवा योजना जैसी संस्थाओं ने इसकी सफलता में अहम भूमिका निभायीं।

| क्र. | जिला | 2017–18 | 2018–19 | 2019–20 | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 7 | 5 | 6 | **18** |
| 2. | बलौदाबाजार | 4 | 4 | 4 | **12** |
| 3. | गरियाबंद | 4 | 5 | 5 | **14** |
| 4. | धमतरी | 5 | 6 | 4 | **15** |
| 5. | महासंमुद | 8 | 5 | 6 | **19** |
| | कुल योग | **28** | **25** | **25** | **78** |

# विधिक जागरूकता अभियान

विधिक जागरूकता Legal awareness) अथवा विधिक साक्षरता से आशय जनता को कानून से समब्न्धित सामान्य बातों से परिचित कराकर उनका सशक्तीकरण करना है। विधिक जागरूकता से विधिक संस्कृति को बढ़ावा मिलता है,कानूनों के निर्माण में लोगों की भागीदारी बढ़ती है और कानून के शासन की स्थापना की दिशा में प्रगति होती है।

पहले विधिक रूप से साक्षरश होने का अर्थ था – कानूनी दस्तावेजों, विचारों, निर्णयों, कानूनों आदि को लिखध्पढ़ पाने की क्षमताश। किन्तु अब इसका अर्थ कानून से सम्बन्धित इतनी क्षमता से है जो किसी कानूनी समाज में अर्थपूर्ण जीवन जीने के लिए जरूरी हो।

राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों द्वारा भारतीय कानुनों के प्रति व अपने बधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं। विवि के रासेयो द्वारा आयोजित विधिक जागरूकता अभियान कि संख्याः–

03 वर्षो में आयोजित किए गये कार्यक्रम/जागरूकता रैलीः–

| क्रं. | जिला | 2017–18 | 2018–19 | 2019–20 | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 69 | 65 | 57 | **191** |
| 2. | बलौदाबाजार | 32 | 29 | 33 | **94** |
| 3. | गरियाबंद | 29 | 31 | 26 | **86** |
| 4. | धमतरी | 57 | 55 | 48 | **160** |
| 5. | महासंमुद | 55 | 45 | 52 | **152** |
| | कुल योग | **242** | **225** | **216** | **683** |

# स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ भारत अभियान का प्रांरभ प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 02 अक्टूबर 2014 को किया गया था तब से लेकर आज तक यह अभियान जन जन में एक कांतिकारी परिवर्तन लाया जिसका प्रभाव आज हर तरफ परिलक्षित हो रहा हैं। रासयो प्रांरभ से ही इस अभियान में जुडा हैं। 2014 से आज तक स्वच्छता पा कार्य अनवरत जारी हैं।

रासेयो. पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में स्वच्छता अभियान गतिशील है रायपुर नगर की रासेयो  की सभी ईकाइयो द्वारा 11 अगस्त 2017 से सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया कार्यकम समन्वयक के मार्गदर्शन में इस सधन स्वच्छता अभियान में नगर पालिक निगम रायपुर के साथ हर शानिवार 3 से 4 घण्टे सार्वजनिक स्थानों में कार्यकम सुचारु रुप से संचालित हुआ। साथ ही स्वच्छता नवाचार के रुप में रायपुर के रासेयो के छात्र रोड में गुटका पान तम्बाकू आदि खाकर थुकते है उनके जागरुकता के लिये कार्यकम समन्वयक के मार्गदर्शन में 07 दिनों का विशेष अभियान चलाया इसमें छात्रों ने डिस्पोजल कप में एनएसएस लिखकर मोनो बनाकर सावजनिक स्थान जैसे बाजार का क्षेत्र, दुकान, आटो एवं राहगीरों जो लोग तम्बाकू का सेवन करते उनको कप देकर कहॉ आप लोग रोड मे ना थूके इसमें थूके और इसे आप अपने पास रखिये छात्रों के फीड बैक से ज्ञात हुआ कि जो लोग गुटका आदि का सेवन करते है नाराज भी हुयें एवं कई लोग अपनी गलती मानकर रासेयो के इस कार्य की सराहना भी किया।

कार्यकम का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | कार्यक्रम | 2017—18 | 2018—19 | 2019—20 | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्वच्छता शपथ | 205 | 198 | 202 | **605** |
| 2. | परिसर की स्वच्छता | 198 | 188 | 200 | **586** |
| 3. | सार्वजनिक स्थल की स्वच्छता | 203 | 198 | 178 | **579** |
| 4. | डोर टू डोर संपर्क | 165 | 158 | 143 | **466** |
